दिन– बुधवार दिनांक– 14/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य मंत्रिमंडल ने बिहार और झारखंड के बीच सोन नदी जल बंटवारे से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की।

02. विधानसभा का बजट सत्र दो फरवरी से होगा शुरू। वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव तीन फरवरी को बजट पेश करेंगे।

03. पुलिस मुख्यालय प्रदेश में सामूहिक आंदोलन से निपटने और भीड़ नियंत्रण के लिए नया मानक संचालन प्रणाली बनायेगा।

04. और, पारंपरिक श्रद्धा के साथ आज मनाया जा रहा है मकर संक्रांति का त्योहार। गंगा समेत अन्य नदियों और सरोवरों में लोग लगा रहे हैं आस्था की डुबकी।

---

राज्य मंत्रिमंडल ने बिहार और झारखंड के बीच सोन नदी जल बंटवारे से संबंधित एकरारनामा प्रारूप को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके साथ ही वर्षों से लंबित इंद्रपुरी जलाशय परियोजना के कार्यान्वयन का मार्ग प्रशस्त हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि अब सोन नदी से बिहार को पांच दशमलव सात–पांच मिलियन एकड़ फीट पानी, जबकि झारखंड को दो मिलियन एकड़ फीट पानी मिलेगा।

–––बाइट–––

कैबिनेट ने पीएमश्री योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष में सात सौ उनासी माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों के लिए चौदह अरब पचासी करोड़ रुपये की राशि को मंजूरी प्रदान की। श्री चौधरी ने बताया कि कैबिनेट ने दरभंगा हवाई अड्डे के पास लॉजिस्टिक पार्क और कार्गो हब के निर्माण के लिए चिन्हित पचास एकड़ भूमि के अधिग्रहण के लिए एक सौ अड़तीस करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की।

–––बाइट–––

एक अन्य फैसले में कैबिनेट ने सात निश्चय–तीन के तहत योजनाओं के पर्यवेक्षण और अनुश्रवण का जिम्मा बिहार विकास मिशन को सौंपने के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की। मंत्रिमंडल ने मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष और विधान परिषद के सभापति को शर्तों के साथ दो–दो बंगलों के आवंटन को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि पूर्व

मंत्री रहे वरिष्ठ विधानमंडल सदस्यों को भी कुछ शर्तों के साथ मानक किराये पर अतिरिक्त बंगले आवंटित किये जायेंगे।

———बाइट———

————————————————————————

बिहार विधानसभा का बजट सत्र दो फरवरी से शुरू होगा। वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव तीन फरवरी को विधानसभा में बजट प्रस्तुत करेंगे। बजट सत्र पच्चीस फरवरी तक चलेगा। राज्य मंत्रिमंडल ने बजट सत्र की तारीखों को मंजूरी दे दी है। सत्र के पहले दिन राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे।

————————————————————————

बिहार में सात निश्चय–तीन के तहत अस्सी वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों को अब घर पर ही जमीन और फ्लैट की रजिस्ट्री करने की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि यह सुविधा एक अप्रैल से प्रभावी होगी। उन्होंने बताया कि मद्य निषेध, उत्पाद और निबंधन विभाग द्वारा चलंत निबंधन इकाई के माध्यम से निबंधन की सुविधा प्रदान की जाएगी। निबंधन की प्रक्रिया सात कार्यदिवस के अंदर सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने लोगों से इस संबंध में उन्नीस जनवरी तक सुझाव भी मांगे हैं।

————————————————————————

परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि प्रदेश में किसी भी सड़क पर दुर्घटना में घायल लोगों को इलाज के लिए डेढ़ लाख रूपये तक की सहायता दी जायेगी। नई दिल्ली में आयोजित देशभर के परिवहन मंत्रियों की बैठक में लिये गये फैसले की जानकारी देते हुये उन्होंने पटना में बताया कि यह सुविधा पूरी तरह कैशलेस होगी। श्री कुमार ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले राहगीरों को पच्चीस हजार रूपये का ईनाम दिया जायेगा।

————————————————————————

कला एवं संस्कृति मंत्री अरूण शंकर प्रसाद ने कहा है कि पारंपरिक लोक कलाओं, लोक गीतों और सांस्कृतिक परंपराओं का संरक्षण विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि विलुप्त हो रहे लोक गीतों और परंपराओं का संरक्षण आवश्यक है। श्री प्रसाद ने कहा कि राज्य में फिल्म प्रोत्साहन नीति बनाने के लिए विशेषज्ञों से बातचीत की जा रही है।

————————————————————————

कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा है कि प्रदेश में शहद का उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार नई नीति लायेगी। उन्होंने पटना में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि नई

नीति से शहद उत्पादन, प्रसंस्करण, गुणवत्ता, ब्रांडिंग और मार्केटिंग की व्यवस्था को सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। श्री यादव ने कहा कि प्रदेश में शहद उत्पादन देश का बारह दशमलव तीन शून्य प्रतिशत है। प्रदेश का मधु उत्पादन लगभग अठारह हजार छह सौ मीट्रिक टन है।

———————————————————————

पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा है कि प्रदेश में सामूहिक आंदोलन से निपटने और भीड़ नियंत्रण के लिए नया मानक संचालन प्रक्रिया, एसओपी बनाया जायेगा। उन्होंने पटना स्थित पुलिस मुख्यालय में आयोजित दो दिवसीय राज्यस्तरीय पुलिस कांफ्रेंस के समापन सत्र को संबोधित करते हुये कहा कि सामूहिक आंदोलनों का उभरता स्वरूप आंतरिक सुरक्षा के लिए चुनौती बन रहा है। डीजीपी ने इन चुनौतियों से निपटने के लिए जनता के साथ पूर्ण सहयोग और विश्वास हासिल करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पेशेवर कार्यशैली से जन विश्वास हासिल किया जा सकता है।

———————————————————————

संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने विकसित भारत जी राम जी अधिनियम को लेकर विपक्षी दलों पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी सीएए–एनआरसी के मामले की तरह ही इस अधिनियम को लेकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। श्री रिजिजू ने लखनऊ में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ये अधिनियम ग्रामीण भारत में रोजगार और विकास की तस्वीर बदलने वाला है। उन्होंने अधिनियम के लाभों को भी रेखांकित किया।

———बाईट———

इसमें सबसे पहले तो जो एक सौ दिन का पहले पुराना प्रावधन था, उसको सीधा जम्प मारकर एक सौ पच्चीस दिन किया गया। दूसरा उसमें अगर ऐप के प्रावधान के मुताबिक रोजगार प्रदान नहीं किया, तो वो दंडित होगा। इसी प्रकार से इसमें एक जगह ऐसा नहीं छोड़ा, जहां से पैसा का गलत तरीके से इस्तेमाल करके भ्रष्टाचार करें। डिजिटली सारी व्यवस्था को मेन्टेन किया जाएगा।

———————————————————————

प्रदेश में आज मकर संक्रांति का त्योहार हर्षोल्लास और श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा है। इस अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालु गंगा सहित अन्य पवित्र नदियों और सरोवरों में स्नान कर रहे हैं। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि श्रद्धालु पवित्र स्नान के बाद पूजा–पाठ कर दान–पुण्य कर रहे हैं। प्रदेश के कुछ इलाकों में मकर संक्रांति का पर्व कल भी मनाया जायेगा। इधर, प्रशासन ने विभिन्न नदी–घाटों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये हैं। किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की तैनाती की गयी है। पटना और बक्सर सहित अन्य जिलों में

एहतियात के तौर पर गंगा समेत अन्य नदियों में नावों का परिचालन आज और कल बंद कर दिया गया है। वहीं, आज से खरमास भी समाप्त हो जायेगा और मांगलिक कार्य शुरू हो जायेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मकर संक्रांति के अवसर पर लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

———————————————————

प्रदेश के अधिकतर जिलों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होने से ठंड में कमी दर्ज की गई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के अधिकतर भागों में अधिकतम तापमान बीस दशमलव छह डिग्री से सत्ताईस डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। वहीं, पांच दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ भागलपुर का सबौर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले पांच दिनों के दौरान तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।

———बाईट———

———————————————————

केन्द्रीय खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की सचिव निधि खरे ने कहा है कि बिहार में दलहन के उत्पादन और इसकी खरीद की ठोस व्यवस्था की जानी चाहिए। उन्होंने पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि बिहार में दलहन के उत्पादन की काफी सम्भावना है और किसानों को इसके लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है। श्रीमती खरे ने कहा कि देश में गेहूँ और चावल की तुलना में दाल की खपत बढ़ रही है।

———————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि वह राज्यों को कुत्ते के काटने की घटनाओं के लिए भारी मुआवजा देने का आदेश देगा और कुत्तों को खाना देने वालों को जवाबदेह ठहराएगा। न्यायालय ने पिछले पांच वर्षों से आवारा पशुओं से संबंधित नियमों के कार्यान्वयन में कमी पर चिंता व्यक्त की। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, संदीप मेहता और एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि कुत्ते के काटने की घटनाओं के लिए कुत्तों को खाना देने वालों को भी जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

———————————————————

सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक टीम ने सासाराम मुख्य डाकघर कार्यालय में कार्यरत पोस्टमैन श्रीलाल को तीस हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————

अररिया जिले का छत्तीसवां स्थापना दिवस आज मनाया जायेगा। इस अवसर पर प्रभात फेरी निकाली गयी। मैराथन दौड़ समेत अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं।

———————————————————

कटिहार सदर अनुमंडल पदाधिकारी प्रद्युम्न सिंह यादव ने कालाबाजारी के आरोप में जन वितरण प्रणाली विक्रेता चंदन महतो का लाईसेंस रद्द कर दिया है। विक्रेता के खिलाफ नगर थाना में प्राथमिक भी दर्ज कराई गई है।

———————————————————

और अब खेल की खबरें.....

नई दिल्ली में खेली जा रही उनतालीसवीं राष्ट्रीय सब जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप के बालक वर्ग में बिहार के अमित कुमार ने अंडर ट्वेंटीनाईन भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है।

प्रथम महामना हॉकी गोल्ड कप प्रतियोगिता का आयोजन उन्नीस से इक्कीस जनवरी तक राजगीर के अन्तरराष्ट्रीय खेल मैदान में होगा। परिवहन मंत्री सह बिहार हॉकी संघ के अध्यक्ष श्रवण कुमार ने ट्रॉफी और शुभांकर का अनावरण किया।

रणजी ट्रॉफी क्रिकेट के फाईनल राउंड के लिए पन्द्रह सदस्यीय बिहार टीम की घोषणा कर दी गयी है। शकीबुल गनी को टीम का कप्तान बनाया गया है।

———————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने राज्य मंत्रिमंडल के फैसले से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने कैबिनेट की खबर पर लिखा है—राज्य में सात सौ नवासी स्कूलों में स्मार्ट क्लास, लैब बनेंगी।

दैनिक जागरण क्विक कामर्स कम्पनियों से जुड़ी खबर पर लिखता है— डिलीवरी ब्वाय पर नहीं होगा दस मिनट में सामान पहुंचाने का दबाव।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है— मधुबनी जिले के पंडौल पावर ग्रिड में धमाका, इंजीनियर समेत चार कर्मचारी झुलसे, दो की हालत गम्भीर।

प्रभात खबर लिखता है— नितिन नवीन का राष्ट्रीय भाजपा अध्यक्ष बनना तय, उन्नीस को नामांकन।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्य मंत्रिमंडल ने बिहार और झारखंड के बीच सोन नदी जल बंटवारे से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की।

02. विधानसभा का बजट सत्र दो फरवरी से होगा शुरू। वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव तीन फरवरी को बजट पेश करेंगे।

03. पुलिस मुख्यालय प्रदेश में सामूहिक आंदोलन से निपटने और भीड़ नियंत्रण के लिए नया मानक संचालन प्रणाली बनायेगा।

04. और, पारंपरिक श्रद्धा के साथ आज मनाया जा रहा है मकर संक्रांति का त्योहार। गंगा समेत अन्य नदियों और सरोवरों में लोग लगा रहे हैं आस्था की डुबकी।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।